Regarding alleged law and order in Uttar Pradesh

श्री अवधेश प्रसाद: महोदय, मैंने आपको मुख्य मंत्री बनवाया था । ? (व्यवधान) मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी की मर्यादा, अयोध्या जनपद, 54, फैजाबाद लोक सभा से प्रभु श्रीराम जी की कृपा से, हनुमान जी की कृपा से, मां सरयू माई की कृपा से, देवतुल्य मतदाताओं की कृपा से और हमारे नेता, जो हमारे बगल में बैठे हैं, इनकी कृपा से, जिन्होंने सामान्य सीट से मुझे चुनाव लड़ाने के लिए प्रत्याशी बनाया, हमारी जीत हुई ।

मान्यवर, यह जीत भारतीय जनता पार्टी को पच नहीं रही है । हमारे बारे में किया गया । ? (व्यवधान) ये तीन महीने के मेहमान हैं ।

माननीय सभापति **:** आपको और भी अवसर मिलेगा । आपकी बात आ गई है ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** अभी आपके माननीय नेताजी बोलेंगे ।

श्री अवधेश प्रसाद **:** सहनवा गांव में 30 जनवरी को एक 22 साल की कोरी बिरादरी की लड़की के साथ केवल बलात्कार ही नहीं किया, बल्कि उसे नंगा किया गया । उसकी आंख निकाल ली गई, उसका हाथ काट दिया गया और पैर काट दिया गया । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आपकी डिमाण्ड क्या है?

श्री अवधेश प्रसाद **:** मान्यवर, इसके बारे में जब हमने आवाज उठाई तो उत्तर प्रदेश की सरकार के मुख्यमंत्री ने कहा कि घड़ियाली आंसू बहाते हैं, …*

माननीय सभापति **:** यह क्या है? आपकी डिमाण्ड क्या है?

? (व्यवधान)

श्री अवधेश प्रसाद **:** मान्यवर, मैं …*****

नहीं हूं । ? (व्यवधान)